Number of Pages in Booklet : **16**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **16**

Number of Questions in Booklet : **100**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **100**

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

2271247

Admission Test For PG Course
URATPG - 2024
Political Science
Subject – 23

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ.एम.आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : Two hours/दो घण्टे **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from Serial no. 01 to Serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the **OMR** sheets by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में क्रमांक 01 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जायेगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को **ओ.एम.आर.** शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपने रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियां ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. Approach related to the contemporary perspective is -
   (A) Philosophical approach
   (B) Historical approach
   (C) Legal approach
   (D) Behavioral approach

2. The major feature of International Politics after the second war is -
   (A) Unipolar World
   (B) Poly Centralism
   (C) Bi-Polarity
   (D) Non Alignment

3. According to Kautilya 'Swami' means -
   (A) Mantri
   (B) Malik
   (C) Raja
   (D) Senapati

4. Which one of the following does not find a mention in the Preamble of the Indian Constitution?
   (A) Sovereign
   (B) Secular
   (C) Federal
   (D) Democratic

5. By the Rule of 'Philosopher King' Plato means -
   (A) Rule of Law
   (B) Rule of King
   (C) Rule of Lawlessness
   (D) Rule of Reason

6. Who said that 'British Constitution is child of chance and wisdom'?
   (A) Munaro
   (B) Strachy
   (C) Jennings
   (D) Laski

7. Machiavelli's book, focuses on the glorified history of Roman Republic is titled as -
   (A) The Art of War
   (B) History of Florence
   (C) Discourses
   (D) The Prince

1. आधुनिक दृष्टिकोण से सम्बन्धित अध्ययन पद्धति है –
   (A) दार्शनिक पद्धति
   (B) ऐतिहासिक पद्धति
   (C) लीगल पद्धति
   (D) व्यवहारवादी पद्धति

2. द्वितीय विश्वयुद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की प्रमुख विशेषता है –
   (A) एकध्रुवीय विश्व
   (B) बहुकेन्द्रवाद
   (C) द्विध्रुवीयता
   (D) गुट निरपेक्षता

3. कौटिल्य के अनुसार 'स्वामी' का अर्थ है –
   (A) मंत्री
   (B) मालिक
   (C) राजा
   (D) सेनापति

4. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द भारतीय संविधान की प्रस्तावना में नहीं है?
   (A) संप्रभु
   (B) धर्मनिरपेक्ष
   (C) संघीय
   (D) प्रजातांत्रिक

5. 'दार्शनिक राजा' के शासन से प्लेटो का तात्पर्य है –
   (A) विधि का शासन
   (B) राजा का शासन
   (C) विधि विहीनता
   (D) विवेक का शासन

6. यह कथन किसका है – 'ब्रिटिश संविधान संयोग व विवेक का शिशु है'?
   (A) मुनरो
   (B) स्ट्रेची
   (C) जेनिंग्स
   (D) लॉस्की

7. रोमन गणराज्य के गौरवपूर्ण इतिहास पर केन्द्रित मैकियावली की पुस्तक का शीर्षक है –
   (A) द आर्ट ऑफ वॉर
   (B) हिस्ट्री ऑफ फ्लोरेंस
   (C) डिसकोर्सेज़
   (D) द प्रिंस

8. Which is not the feature of the Constitution of America?
   (A) Rigid Constitution
   (B) Parliamentary System
   (C) Separation of Powers
   (D) Judicial Review

9. 42nd Amendment to the Constitution of India was made during the period of which of the following Prime Minister?
   (A) Lal Bhadhur Shastri
   (B) Indira Gandhi
   (C) Morarji Desai
   (D) Charan Singh

10. The main reason for the Second World War -
   (A) Cuban Crisis
   (B) Non Aligned Movement
   (C) Policy of Appeasement
   (D) Policy of Iron Curtain

11. The founder of Arya Samaj was -
   (A) Swami Vivekananda
   (B) Dayanand Saraswati
   (C) Swami Ram Tirth
   (D) Swami Virjanand

12. 'Credo of Relevance' is related to -
   (A) Behaviouralism
   (B) Post modernization
   (C) Post behaviouralism
   (D) Political system

13. The Legislature in Switzerland is called -
   (A) Parliament
   (B) Congress
   (C) Diet
   (D) Federal Assembly

14. According to Sebine, Hobbes Philosophy is -
   (A) Social Mechanics
   (B) Scientific Materialism
   (C) Science of motion
   (D) Fear Struck

15. Which Ideology is not related with the Indian National Movement?
   (A) Revolutionary
   (B) Moderates
   (C) Communist
   (D) Gandhian

8. अमेरिका के संविधान की विशेषता नहीं है –
   (A) कठोर संविधान
   (B) संसदीय व्यवस्था
   (C) शक्तियों का पृथक्करण
   (D) न्यायिक पुनरावलोकन

9. भारतीय संविधान का 42वाँ संशोधन निम्नलिखित में से किस प्रधानमंत्री के समय में किया गया था?
   (A) लाल बहादुर शास्त्री
   (B) इन्दिरा गांधी
   (C) मोरारजी देसाई
   (D) चरण सिंह

10. द्वितीय विश्वयुद्ध का प्रमुख कारण है –
   (A) क्यूबा संकट
   (B) निर्गुट आंदोलन
   (C) तुष्टीकरण की नीति
   (D) लौह आवरण की नीति

11. आर्य समाज के संस्थापक थे –
   (A) स्वामी विवेकानन्द
   (B) दयानन्द सरस्वती
   (C) स्वामी राम तीर्थ
   (D) स्वामी विरजानन्द

12. 'प्रासंगिकता का सिद्धान्त' सम्बन्धित है –
   (A) व्यवहारवाद
   (B) राजनीतिक आधुनिकीकरण
   (C) उत्तर व्यवहारवाद
   (D) राजनीतिक व्यवस्था

13. स्विट्ज़रलैण्ड में व्यवस्थापिका कहलाती है –
   (A) संसद
   (B) कांग्रेस
   (C) डायट
   (D) संघीय सभा

14. सेबाईन के अनुसार, हॉब्स का दर्शन है –
   (A) सामाजिक यांत्रिकी
   (B) वैज्ञानिक भौतिकवाद
   (C) गति विज्ञान
   (D) भयाक्रांत

15. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से असम्बद्ध विचारधारा है –
   (A) क्रांतिकारी
   (B) उदारवादी
   (C) साम्यवादी
   (D) गांधीवादी

16. Which one is not a member of 'IBSA'?
(A) India
(B) Bhutan
(C) South Africa
(D) Brazil

16. 'इब्सा' का सदस्य नहीं है –
(A) भारत
(B) भूटान
(C) दक्षिण अफ्रीका
(D) ब्राज़ील

17. In which year Gopal Krishna Gokhale became the President of All India National Congress?
(A) 1902
(B) 1905
(C) 1907
(D) 1909

17. किस वर्ष में गोपाल कृष्ण गोखले अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने?
(A) 1902
(B) 1905
(C) 1907
(D) 1909

18. 'The Political System' is written by -
(A) Laski
(B) Easton
(C) Leacock
(D) Almond Powell

18. 'द पॉलिटिकल सिस्टम' के लेखक हैं –
(A) लास्की
(B) ईस्टन
(C) लीकॉक
(D) आमण्ड–पॉवेल

19. The house of 'Direct Democracy' is -
(A) Switzerland
(B) Britain
(C) China
(D) Japan

19. 'प्रत्यक्ष प्रजातंत्र' का घर है –
(A) स्विट्ज़रलैण्ड
(B) ब्रिटेन
(C) चीन
(D) जापान

20. Who is considered as father of utilitarianism?
(A) Bentham
(B) Locke
(C) Mill
(D) Laski

20. उपयोगितावाद का जनक किसे माना जाता है?
(A) बेंथम
(B) लॉक
(C) मिल
(D) लॉस्की

21. 'Poona Pact' took place in the year -
(A) September 1930
(B) September 1932
(C) September 1942
(D) September 1946

21. 'पूना पैक्ट' किस वर्ष में हुआ?
(A) सितम्बर 1930
(B) सितम्बर 1932
(C) सितम्बर 1942
(D) सितम्बर 1946

22. Which Association was formed in 1967?
(A) SAARC
(B) ASEAN
(C) IBSA
(D) BRICS

22. 1967 में कौन से संगठन की स्थापना हुई?
(A) सार्क
(B) आसियान
(C) इब्सा
(D) ब्रिक्स

23. What kind of Democracy is suggested by Jai Prakash Narayan?
(A) One Party Democracy
(B) Two Party Democracy
(C) Multi-Party Democracy
(D) Party less Democracy

23. जय प्रकाश नारायण ने किस प्रकार के लोकतंत्र को अपनाने का सुझाव दिया?
(A) एक दलीय प्रजातंत्र
(B) द्विदलीय प्रजातंत्र
(C) बहुदलीय प्रजातंत्र
(D) दलविहीन प्रजातंत्र

24. In its shape modern Political Science includes the study of -
(A) State & Government
(B) Liberty
(C) Power
(D) Law

25. In present time how many members are there in 'Senate' in the USA?
(A) 100
(B) 90
(C) 50
(D) 26

26. Who believed that women too should be given representation?
(A) Marx
(B) Hegel
(C) Mill
(D) Plato

27. The Partition of Bengal took place in the year -
(A) 1935
(B) 1919
(C) 1907
(D) 1905

28. "American foreign policy swings like the pendulum of the clock on solitariness and Interferences", who said?
(A) George Kennan
(B) Chester Bowles
(C) Barack Obama
(D) Leu Hale

29. In which state Gandhiji had used the weapon of Satyagraha for the first time?
(A) Bihar
(B) Uttar Pradesh
(C) Rajasthan
(D) Punjab

30. "Political Science begins and ends with state" whose statement is this?
(A) Barker
(B) Bentham
(C) Garner
(D) Gilchrist

24. आधुनिक राजनीति विज्ञान अपने अध्ययन क्षेत्र में सम्मिलित करता है –
(A) राज्य तथा सरकार को
(B) स्वतंत्रता को
(C) शक्ति को
(D) कानून को

25. वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में 'सीनेट' में कितने सदस्य हैं?
(A) 100
(B) 90
(C) 50
(D) 26

26. यह किसकी मान्यता थी कि स्त्रियों को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए?
(A) मार्क्स
(B) हीगल
(C) मिल
(D) प्लेटो

27. बंगाल का विभाजन किस वर्ष में हुआ?
(A) 1935
(B) 1919
(C) 1907
(D) 1905

28. "अमरीकी विदेश नीति घड़ी के पेण्डुलम की भाँति एकांतवास और हस्तक्षेप के दो छोरों के मध्य झूलती है", किसने कहा?
(A) जार्ज कैनन
(B) चेस्टर बॉल्स
(C) बराक ओबामा
(D) लुई हैल

29. गांधीजी ने किस राज्य में सर्वप्रथम सत्याग्रह रूपी शस्त्र का प्रयोग किया था?
(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) राजस्थान
(D) पंजाब

30. "राजनीति विज्ञान का प्रारंभ और अंत राज्य के साथ होता है" यह वक्तव्य किसका है?
(A) बार्कर
(B) बेंथम
(C) गार्नर
(D) गिलक्राइस्ट

31. How many Articles are there in present Constitution of China?
(A) 190
(B) 130
(C) 112
(D) 138

32. "Generally speaking man are ungrateful, deceitful, cowardly and avaricious." is said by -
(A) Machiavelli
(B) Plato
(C) Aristotle
(D) Locke

33. Which writer has called the Indian Federal System 'Quasi-Federal'?
(A) Morris Jones
(B) Ashok Chanda
(C) K.C. Santhanam
(D) K.C. Wheare

34. Who proposed the formation of 'SAARC'?
(A) Indira Gandhi
(B) Zia-ur-Rahman
(C) Jaiwardhane
(D) Zia-ul-Haque

35. Which of the following is not included in the category of Liberals?
(A) Gokhale
(B) Tilak
(C) Ranade
(D) Dada Bhai Naoroji

36. Which according to Lucian Pye, is not a characteristics of Political Development?
(A) Equality
(B) Freedom
(C) Capacity
(D) Differentiation

37. The 'National People's congress' is a central legislative of -
(A) Japan
(B) China
(C) Switzerland
(D) USA

31. चीन के वर्तमान संविधान में कितने अनुच्छेद हैं?
(A) 190
(B) 130
(C) 112
(D) 138

32. "सामान्यतः मानव कृतघ्न, स्वार्थी, सनकी, धोखेबाज, डरपोक तथा लालची होता है।" यह कथन है –
(A) मैकियावली
(B) प्लेटो
(C) अरस्तु
(D) लॉक

33. किस लेखक ने भारतीय संघीय व्यवस्था को 'अर्द्ध संघात्मक' घोषित किया है?
(A) मोरिस जोन्स
(B) अशोक चन्दा
(C) के.सी. सन्थानम
(D) के.सी. व्हीयर

34. सार्क के गठन का प्रस्ताव रखा –
(A) इन्दिरा गांधी
(B) जिया–उर–रहमान
(C) जयवर्द्धने
(D) जिया–उल–हक

35. निम्नलिखित में से किसे उदारवादियों की श्रेणी में शामिल नहीं किया जाता?
(A) गोखले
(B) तिलक
(C) रानाडे
(D) दादा भाई नौरोजी

36. ल्यूसियन पाई के अनुसार, राजनीतिक विकास का कौनसा लक्षण नहीं है?
(A) समानता
(B) स्वतंत्रता
(C) क्षमता
(D) विभेदीकरण

37. 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' (राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस) केन्द्रीय व्यवस्थापिका है –
(A) जापान
(B) चीन
(C) स्विट्ज़रलैण्ड
(D) अमेरिका

38. 'Laski' is associated with the Ideology -
(A) Idealism
(B) Scientific socialism
(C) Pluralism
(D) Utilitarianism

39. "Right to Constitutional Remedies" is mentioned in -
(A) Article 29
(B) Article 23
(C) Article 32
(D) Article 25

40. Non Alignment is -
(A) Isolationism
(B) Neutralization
(C) Non Commitment
(D) Peaceful, Active, Positive Coexistence

41. Which of the following thinkers has described the "Saptang Theory"?
(A) Manu
(B) Kautilya
(C) Shukra
(D) All of the above

42. What kind of organization is a Pressure Group?
(A) Nonpolitical organisation
(B) Political organisation
(C) Military organisation
(D) Economic organisation

43. In America who is called the "Third House of Congress"?
(A) President
(B) Council of Ministers
(C) Supreme Court
(D) Senate

44. Sarkaria Commission was appointed with the objective -
(A) To review Panchayati Raj System
(B) To review Centre-State relation
(C) To review the Constitution
(D) None of the above

38. लास्की किस विचारधारा से सम्बन्धित है?
(A) आदर्शवाद
(B) वैज्ञानिक समाजवाद
(C) बहुलवाद
(D) उपयोगितावाद

39. 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' दिया है –
(A) अनुच्छेद 29 में
(B) अनुच्छेद 23 में
(C) अनुच्छेद 32 में
(D) अनुच्छेद 25 में

40. गुट निरपेक्षता है –
(A) अलगाववाद
(B) तटस्थीकरण
(C) अप्रतिबद्धता
(D) शांतिपूर्ण, सक्रिय, सकारात्मक सह अस्तित्व

41. निम्नलिखित में से किस विचारक ने "सप्तांग सिद्धांत" का वर्णन किया है?
(A) मनु
(B) कौटिल्य
(C) शुक्र
(D) उपर्युक्त सभी

42. दबाव समूह किस प्रकार का संगठन है?
(A) गैर राजनीतिक संगठन
(B) राजनीतिक संगठन
(C) सैनिक संगठन
(D) आर्थिक संगठन

43. अमेरिका में "कांग्रेस का तृतीय सदन" किसे कहते हैं?
(A) राष्ट्रपति को
(B) मंत्री मंडल को
(C) सर्वोच्च न्यायालय को
(D) सीनेट को

44. सरकारिया आयोग के गठन का उद्देश्य था –
(A) पंचायती राज व्यवस्था की समीक्षा करना
(B) केन्द्र–राज्य संबंधों की समीक्षा करना
(C) संविधान की समीक्षा करना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. The concept of dictatorship of Proletariat has been propounded by -
(A) Karl Marx
(B) Laski
(C) Mill
(D) Rousseau

46. Which book is written by Palmer & Perkins?
(A) International Relations
(B) Foreign Policy
(C) Politics Among Nations
(D) Globalization

47. 'Hind Swaraj' was written in -
(A) 1909
(B) 1930
(C) 1914
(D) 1920

48. Legitimate Power is -
(A) Influence
(B) Knowledge
(C) Money
(D) Authority

49. With whom does the power of amendment in the Chinese Constitution lies?
(A) Presidium
(B) National People's Congress
(C) President
(D) All of the above

50. "Panchayati Raj" was given Constitutional Status under which Constitutional Amendment?
(A) 74th amendment
(B) 72nd amendment
(C) 73rd amendment
(D) 71st amendment

51. Which kind of sovereignty is supported by Rousseau?
(A) Real sovereignty
(B) Popular sovereignty
(C) Political sovereignty
(D) None of the above

45. सर्वहारा वर्ग की तानाशाही की अवधारणा का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया है?
(A) कार्ल मार्क्स
(B) लास्की
(C) मिल
(D) रूसो

46. निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक पामर एण्ड पर्किन्स द्वारा लिखी है?
(A) अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध
(B) विदेश नीति
(C) राष्ट्रों के मध्य राजनीति
(D) वैश्वीकरण

47. 'हिन्द स्वराज' किस वर्ष लिखी थी?
(A) 1909
(B) 1930
(C) 1914
(D) 1920

48. औचित्यपूर्ण शक्ति है –
(A) प्रभाव
(B) ज्ञान
(C) धन
(D) सत्ता

49. चीन के संविधान में संशोधन करने की शक्ति किसमें निहित है?
(A) प्रेसीडियम
(B) राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस
(C) राष्ट्रपति
(D) उपर्युक्त सभी

50. पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा किस संवैधानिक संशोधन के आधार पर दिया गया है?
(A) 74वें संशोधन द्वारा
(B) 72वें संशोधन द्वारा
(C) 73वें संशोधन द्वारा
(D) 71वें संशोधन द्वारा

51. रूसो किस प्रकार की प्रभुसत्ता का समर्थक है?
(A) वास्तविक प्रभुसत्ता
(B) लोक प्रभुसत्ता
(C) राजनीतिक प्रभुसत्ता
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

52. 'Ping-Pong Diplomacy' is associated with -
(A) France v/s America
(B) America v/s China
(C) India v/s China
(D) America v/s Pakistan

53. Which form of Socialism was supported by Jawaharlal Nehru?
(A) State socialism
(B) Democratic socialism
(C) Scientific socialism
(D) Syndicalism

54. Which is not an Idealistic thinker?
(A) Hegel
(B) Green
(C) Bradley
(D) Locke

55. Which Article of the Japanese Constitution makes arrangement for the post of Prime Minister?
(A) Article 81
(B) Article 83
(C) Article 66
(D) Article 89

56. The Indian Parliament has the power to make laws with respect to any matter included in the state list for a temporary period -
(A) if the President so directs
(B) at the request of the Chief Minister
(C) if the Supreme Court so directs
(D) in the National interest

57. In Aquinas's views -
(A) Church & state are equal
(B) Church is empowering the state
(C) Church has primacy
(D) State has the primacy

58. Which country were given aid under the 'Treeman Doctrine'?
(A) Germany and Italy
(B) Pakistan and Sri Lanka
(C) Greece and Turkey
(D) Poland and Cuba

52. 'पिंग–पाँग कूटनीति' का सम्बन्ध है –
(A) फ्रांस बनाम अमेरिका
(B) अमेरिका बनाम चीन
(C) भारत बनाम चीन
(D) अमेरिका बनाम पाकिस्तान

53. जवाहरलाल नेहरू समाजवाद के किस रूप के समर्थक थे?
(A) राज्यीय समाजवाद
(B) प्रजातांत्रिक समाजवाद
(C) वैज्ञानिक समाजवाद
(D) श्रमिक संघीय समाजवाद

54. निम्नलिखित में से आदर्शवादी विचारक नहीं है?
(A) हीगल
(B) ग्रीन
(C) ब्रेडले
(D) लॉक

55. जापान के संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा प्रधानमंत्री पद की व्यवस्था की गयी?
(A) अनुच्छेद 81
(B) अनुच्छेद 83
(C) अनुच्छेद 66
(D) अनुच्छेद 89

56. राज्य सूची के किसी भी विषय पर अस्थायी अवधि हेतु कानून निर्माण की शक्ति संसद को है यदि –
(A) राष्ट्राध्यक्ष आज्ञा दे
(B) मुख्यमंत्री प्रार्थना करे
(C) सर्वोच्च न्यायालय आदेश दे
(D) राष्ट्रीय हित में आवश्यक हो

57. एक्वीनॉस के विचारों में –
(A) चर्च एवं राज्य बराबर हैं
(B) चर्च राज्य को दबाकर रखता है
(C) चर्च को प्राथमिकता प्राप्त है
(D) राज्य को प्राथमिकता प्राप्त है

58. 'ट्रीमेन सिद्धांत' के तहत किन देशों को सहायता प्रदान की गयी?
(A) जर्मनी और इटली
(B) पाकिस्तान और श्रीलंका
(C) ग्रीस और टर्की
(D) पौलेण्ड और क्यूबा

59. In which year 'Braham Samaj' was formed?
(A) In 1826
(B) In 1827
(C) In 1828
(D) In 1830

60. The Budget is passed by -
(A) Executive
(B) Legislature
(C) Finance Minister
(D) Finance Secretary

61. Sovereignty of the British Parliament is not limited by -
(A) Public Opinion
(B) Conventions
(C) Enactment of European Parliament
(D) Rule of Law

62. The Indian Constitution borrowed the idea of 'Directive Principles of State Policy' from the Constitution of -
(A) USA
(B) France
(C) Switzerland
(D) Ireland

63. The statement that "State is nothing more than a machine for the oppression of one class by another" is said by -
(A) Laski
(B) Locke
(C) Marx
(D) Mill

64. Which agreement was done between Indira Gandhi and Zulfikar Ali Bhutto on 28th June, 1972?
(A) Tashkent agreement
(B) Shimla agreement
(C) Lahore agreement
(D) Pune agreement

65. 'Mook Nayak' newspaper was associated with -
(A) Nehru
(B) Tilak
(C) M.N. Roy
(D) Ambedkar

59. 'ब्रह्म समाज' की स्थापना किस वर्ष में हुई?
(A) 1826 में
(B) 1827 में
(C) 1828 में
(D) 1830 में

60. बजट पारित किया जाता है –
(A) कार्यपालिका द्वारा
(B) व्यवस्थापिका द्वारा
(C) वित्त मंत्री द्वारा
(D) वित्त सचिव द्वारा

61. ब्रिटिश संसद की प्रभुसत्ता मर्यादित नहीं है –
(A) जनमत से
(B) अभिसमयों से
(C) यूरोपीय संसद की संविधियों से
(D) कानून का शासन

62. भारतीय संविधान में 'राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व' किस संविधान द्वारा ग्रहण किये गये?
(A) अमेरिका
(B) फ्रांस
(C) स्विट्ज़रलैण्ड
(D) आयरलैण्ड

63. यह कथन कि 'राज्य केवल एक यंत्र है, जिसकी सहायता से एक वर्ग दूसरे वर्ग का शोषण करता है', कहा है –
(A) लास्की
(B) लॉक
(C) मार्क्स
(D) मिल

64. 28 जून, 1972 को इन्दिरा गांधी और जुल्फीकर अली भुट्टो के मध्य कौनसा समझौता हुआ?
(A) ताशकन्द समझौता
(B) शिमला समझौता
(C) लाहौर समझौता
(D) पूना समझौता

65. 'मूक नायक' समाचार–पत्र से कौन जुड़ा था?
(A) नेहरू
(B) तिलक
(C) एम.एन. रॉय
(D) अम्बेडकर

66. Which one is not the feature of Dictatorship?
(A) Use of violence means
(B) Misuse of power
(C) Control & Discipline
(D) Personal liberty

67. Who has the power of the declaration of War in America?
(A) House of Representatives
(B) Congress
(C) Senate
(D) President

68. The President of India is elected by -
(A) The People of India
(B) Both the Houses of Parliament
(C) All the State Assemblies
(D) Parliament & State Assemblies

69. Who favors the concept of plural and open voting?
(A) Aristotle
(B) Mill
(C) Karl Marx
(D) Hobbes

70. 'SAARC' is an organization -
(A) Global
(B) Regional
(C) Continental
(D) Local

71. Which statement does not define M.N. Roy's humanism?
(A) Freedom is not the essence of life.
(B) Man is the root of mankind.
(C) Man is the measure of all things.
(D) Every man occupies with himself.

72. Which ideology strongly opposes the idea of state?
(A) Socialism
(B) Anarchism
(C) Individualism
(D) Idealism

66. निम्नलिखित में से कौनसा तानाशाही का लक्षण नहीं है?
(A) हिंसक साधनों का प्रयोग
(B) शक्ति का दुरुपयोग
(C) नियंत्रण एवं अनुशासन
(D) व्यक्तिगत स्वतंत्रता

67. अमेरिका में युद्ध की घोषणा करने का अधिकार किसे है?
(A) प्रतिनिधि सभा को
(B) कांग्रेस को
(C) सीनेट को
(D) राष्ट्रपति को

68. भारत में राष्ट्रपति निर्वाचित होता है –
(A) भारत की जनता द्वारा
(B) संसद के दोनों सदनों द्वारा
(C) सभी राज्य विधानसभाओं द्वारा
(D) संसद एवं राज्य विधानसभाओं द्वारा

69. बहुल एवं खुले मतदान का समर्थन किसने किया है?
(A) अरस्तु
(B) मिल
(C) कार्ल मार्क्स
(D) हॉब्स

70. सार्क एक संगठन है –
(A) वैश्विक
(B) क्षेत्रीय
(C) महाद्वीपीय
(D) स्थानीय

71. कौनसा कथन एम.एन.रॉय के मानवतावाद को परिभाषित नहीं करता है?
(A) स्वतंत्रता जीवन का सार नहीं है।
(B) मानव, मानव जाति का मूल है।
(C) मानव प्रत्येक वस्तु का मापदण्ड है।
(D) प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं में बसने दो।

72. कौनसी विचारधारा राज्य का प्रबल विरोध करती है?
(A) समाजवाद
(B) अराजकतावाद
(C) व्यक्तिवाद
(D) आदर्शवाद

73. The most important basic feature of the Constitution of Japan is -
(A) Written Constitution
(B) Rigid Constitution
(C) Sovereignty of People
(D) Unitary State

74. Extremist Nationalist aim was -
(A) Self-government through main reforms
(B) Total Independence
(C) Dominion Republic
(D) To make British Empire Strong

75. Which Law is supreme, according to St. Thomas Aquinas?
(A) Natural Law
(B) Human Law
(C) Eternal Law
(D) Divine Law

76. 'Farakka Agreement' was concluded between the countries -
(A) Bangladesh and Pakistan
(B) India and Pakistan
(C) India and Bangladesh
(D) India and Sri Lanka

77. Jawaharlal Nehru desired for India -
(A) Capital Economy
(B) Socialist Economy
(C) Mixed Economy
(D) Anarchy

78. Political modernization means -
(A) Change in dress pattern
(B) Change in ideas and values
(C) Change in customs and tradition
(D) Change in religious values

79. In British Parliament the name of 'Upper House' is -
(A) House of Commons
(B) Senate
(C) House of Representative
(D) House of Lords

73. जापान के संविधान की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता है –
(A) लिखित संविधान
(B) कठोर संविधान
(C) जनता की प्रभुसत्ता
(D) एकात्मक राज्य

74. उग्रराष्ट्रवादियों का उद्देश्य था –
(A) प्रमुख सुधारों द्वारा स्वशासन
(B) पूर्ण स्वराज्य
(C) औपनिवेशिक स्वराज्य
(D) ब्रिटिश साम्राज्य को मजबूत बनाना

75. संत थॉमस एक्वीनास के अनुसार, कौनसा कानून सर्वोपरि है?
(A) प्राकृतिक कानून
(B) मानवीय कानून
(C) शाश्वत कानून
(D) दैवीय कानून

76. 'फरक्का समझौता' किन देशों के मध्य हुआ?
(A) बांग्लादेश और पाकिस्तान
(B) भारत और पाकिस्तान
(C) भारत और बांग्लादेश
(D) भारत और श्रीलंका

77. जवाहरलाल नेहरू भारत के लिए चाहते थे –
(A) पूँजीवादी आर्थिक प्रणाली
(B) समाजवादी आर्थिक प्रणाली
(C) मिश्रित आर्थिक प्रणाली
(D) अराजकता

78. राजनीतिक आधुनिकीकरण से तात्पर्य है –
(A) पहनावे में परिवर्तन
(B) विचारों और मूल्यों में परिवर्तन
(C) रीति रिवाजों में परिवर्तन
(D) धार्मिक मूल्यों में परिवर्तन

79. ब्रिटिश संसद में 'उच्च सदन' का नाम है –
(A) हाउस ऑफ कॉमन्स
(B) सीनेट
(C) प्रतिनिधि सभा
(D) लॉर्ड सभा

80. Head office of International Court of Justice is situated in -
(A) New York
(B) Geneva
(C) Hague
(D) Washington

81. "I authorized and give up my right of governing myself to this man, or this assembly of men, on this condition that you give up the right to him and authorize all his action in like manner." Who made this statement?
(A) Locke
(B) Hobbes
(C) Rousseau
(D) Aquinas

82. Which is not a member of BRICS?
(A) Russia
(B) China
(C) India
(D) Australia

83. Who give this slogan "Arise, Awake and Stop not until the goal is reached"?
(A) Gandhi
(B) Vivekananda
(C) Jai Prakash Narayan
(D) Subhash Chandra Bose

84. Which is the oldest & shortest Written Constitution?
(A) U.S.A.
(B) Japan
(C) India
(D) Britain

85. Terrorism Prevention Law 'POTA' ends in which year?
(A) In 2002
(B) In 2003
(C) In 2004
(D) In 2005

86. Hedonistic calculus was developed by -
(A) Mill
(B) Hobbes
(C) Bentham
(D) Hegel

80. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है –
(A) न्यूयॉर्क में
(B) जेनेवा में
(C) हेग में
(D) वॉशिंगटन में

81. "मैं अपने शासन का अधिकार इस व्यक्ति को या व्यक्तियों के समूह को इस शर्त पर सौंपता हूँ कि आप भी अपने शासन का अधिकार इसी प्रकार सौंप देंगे।" यह कथन किसका है?
(A) लॉक
(B) हॉब्स
(C) रूसो
(D) एक्वीनास

82. कौन ब्रिक्स का सदस्य नहीं है?
(A) रूस
(B) चीन
(C) भारत
(D) ऑस्ट्रेलिया

83. यह नारा किसने दिया "उठो जागो, रूको मत जब तक लक्ष्य पूरा ना हो जाये"?
(A) गांधी
(B) विवेकानन्द
(C) जय प्रकाश नारायण
(D) सुभाषचन्द्र बोस

84. कौनसा सबसे पुराना और छोटा लिखित संविधान है?
(A) यू.एस.ए.
(B) जापान
(C) भारत
(D) ब्रिटेन

85. आतंकवाद निरोधक कानून 'पोटा' को कब समाप्त किया गया?
(A) 2002 में
(B) 2003 में
(C) 2004 में
(D) 2005 में

86. सुखवादी मापक यंत्र का विकास किसने किया?
(A) मिल
(B) हॉब्स
(C) बेंथम
(D) हीगल

87. 'Kyoto Protocol' is related to -
(A) Human Rights Protection
(B) Refugees
(C) Environmental Protection
(D) Energy Security

88. Pt. Deendayal Upadhyay is related with -
(A) Integrated Humanism (Ekatam Manavwad)
(B) Totalitarianism
(C) Anarchism
(D) All of the above

89. Who is the father of 'Constitutionalism'?
(A) K.C. Wheare
(B) Socrates
(C) Aristotle
(D) John Locke

90. The main features of the British Constitution is -
(A) Rule of Law
(B) Separation of Powers
(C) Federal System
(D) Written Constitution

91. Who appoints the members of Election Commission?
(A) Prime Minister
(B) President
(C) Governor
(D) Supreme Court

92. Which of the following is not associated with John Stuart Mill?
(A) The Principles of Political Economy
(B) Utilitarianism
(C) Essay on Liberty
(D) Fragment on Government

93. Decisions of UNO are -
(A) Advisory
(B) Forceful
(C) Non-forceful
(D) Legal

94. According to Kautilya 'Janpad' means -
(A) Zila
(B) Rajdhani
(C) Group of villages
(D) Populated area apart from capital (Rajdhani)

87. 'क्योटो प्रोटोकॉल' किससे सम्बन्धित है?
(A) मानवाधिकार संरक्षण
(B) शरणार्थी
(C) पर्यावरण संरक्षण
(D) ऊर्जा सुरक्षा

88. पं. दीनदयाल उपाध्याय सम्बन्धित हैं –
(A) इन्टीग्रेटेड ह्यूमेनिज़्म (एकात्म मानववाद)
(B) सर्वाधिकारवाद
(C) अराजकतावाद
(D) उपर्युक्त सभी

89. 'संविधानवाद' का जनक कौन है?
(A) के.सी. व्हीयर
(B) सुकरात
(C) अरस्तु
(D) जॉन लॉक

90. ब्रिटिश संविधान की मुख्य विशेषता है –
(A) विधि का शासन
(B) शक्तियों का पृथ्ककरण
(C) संघीय व्यवस्था
(D) लिखित संविधान

91. चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है?
(A) प्रधानमंत्री
(B) राष्ट्रपति
(C) राज्यपाल
(D) सर्वोच्च न्यायालय

92. निम्न में से किसका संबंध जॉन स्टुअर्ट मिल से नहीं है?
(A) द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकॉनामी
(B) यूटिलिटेरियनिज़्म
(C) एसेज़ ऑन लिबर्टी
(D) फ्रेगमेन्ट ऑन गर्वनमेंट

93. संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णय होते हैं –
(A) सलाहकारी
(B) बाध्यकारी
(C) अबाध्यकारी
(D) कानूनी

94. कौटिल्य के अनुसार 'जनपद' का अर्थ है –
(A) जिला
(B) राजधानी
(C) गाँवों का समूह
(D) राजधानी को छोड़कर राज्य का आबादी वाला क्षेत्र

95. Which of the following is not a characteristic of 'Rule of law', according to Dicey?

(A) Supremacy of Law
(B) Administrative Law & Administrative Court
(C) Rule of Law is the guardian of right of man
(D) Common Law and common court for everybody

96. Who used the term 'Feminism' in the year 1837?

(A) Charles Fourier
(B) John Stuart Mill
(C) T.H. Green
(D) Karl Marx

97. Political party is a link between -

(A) Govt. & Leader
(B) Legislature & Govt.
(C) Govt. & Pressure group
(D) Legislature & Voters

98. Dyarchy was introduced in Indian Provinces by -

(A) Indian Council Act 1861
(B) Indian Council Act 1892
(C) Government of India Act 1919
(D) Government of India Act 1935

99. Which of the following is not a fundamental duty under the Indian Constitution?

(A) To uphold the unity and integrity of India
(B) To safe guard public property
(C) To develop scientific temper
(D) To protect monuments of National importance

100. Which of the following functions is performed by political parties?

(A) To render help to poor people
(B) To run hospitals
(C) To manage newspapers
(D) To assist candidates in contesting election

95. निम्नलिखित में से डायसी के अनुसार, 'विधि के शासन' की विशेषता नहीं है –

(A) विधि की सर्वोच्चता
(B) प्रशासनिक विधि व प्रशासनिक न्यायालय
(C) विधि का शासन व्यक्ति के अधिकार का संरक्षक
(D) सभी के लिए समान विधि व समान न्यायालय

96. वर्ष 1837 में किसने 'नारीवाद' शब्द का प्रयोग किया?

(A) चार्ल्स फोरियर
(B) जॉन स्टुअर्ट मिल
(C) टी.एच. ग्रीन
(D) कार्ल मार्क्स

97. राजनीतिक पार्टी दोनों के मध्य कड़ी है –

(A) सरकार और नेता
(B) व्यवस्थापिका और सरकार
(C) सरकार और दबाव समूह
(D) व्यवस्थापिका और मतदाता

98. भारतीय प्रांतों में द्वैधशासन व्यवस्था लागू की गयी थी –

(A) भारतीय काउंसिल अधिनियम 1861 द्वारा
(B) भारतीय काउंसिल अधिनियम 1892 द्वारा
(C) भारत सरकार अधिनियम 1919 द्वारा
(D) भारत सरकार अधिनियम 1935 द्वारा

99. भारतीय संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?

(A) भारत की एकता एवं अखण्डता की रक्षा करना
(B) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना
(C) वैज्ञानिक सोच विकसित करना
(D) राष्ट्रीय महत्त्व के स्मारकों की रक्षा करना

100. निम्नलिखित में से कौनसा एक कार्य राजनीतिक दलों द्वारा किया जाता है?

(A) गरीब लोगों की सहायता करना
(B) अस्पतालों को चलाना
(C) अखबारों का प्रबंध करना
(D) चुनाव लड़ने में उम्मीदवारों की सहायता करना

Space for Rough Work /रफ कार्य के लिये जगह